दैनिक भास्कर

पर्यावरण पर दुष्प्रभाव को कम करने के लिए एआई को अपनाने की जरूरत

नई दिल्ली, जेएनएन। 10वें स्पेशियलिटी फिल्म स्पेशियलिटी फिल्मस एंड फ्लेक्सिबल पैकेजिंग ग्लोबल समिट 2023 के दौरान अपने संबोधन में फ्लेक्स ग्रुप के संस्थापक, चेयररमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चक्रवर्ती ने उल्लेख किया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजंस, मशीन लर्निंग और एंजाइमेटिक प्रोसेसिंग जैसी टेक्नोलॉजी फ्लेक्सिबल पैकेजिंग के क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल प्रयासों को गति देने में सक्षम है। मुंबई स्थित रिलायंस जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर में इस ग्लोबल समिट की शुरुआत की गई। इसमें भारत के आर्थिक परिदृश्य, एफएमसीजी सेक्टर के मौजूदा ट्रेंड और पैकेजिंग पर इनके प्रभावों पर चर्चा की गई।